भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3080
जिसका उत्तर बुधवार 29 मार्च, 2017 को दिया जाना है

**छत्तीसगढ़ में विकास कार्यों संबंधी प्रस्ताव**

**3080. श्रीमती छाया वर्माः**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत 3 वर्षों के दौरान छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विकास संबंधी कार्यों हेतु मंत्रालय को कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं तथा उनकी धनराशि योजना-वार कितनी है एवं उस पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य सरकार के प्राप्त प्रस्ताव किन कारणों से अभी तक लंबित है;

(ग) प्रस्तावों के निपटारे हेतु क्या कोई समय सीमा निर्धारित की गई है;

(घ) क्या प्रस्तावों में लंबा समय लगने से विकास संबंधी कार्यों में बाधा उत्पन्न होती है और कार्य की लागत की बढ़ी हुई राशि को किस तरह समायोजित किया जाता है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**
**(श्री बाबुल सुप्रियो)**

**(क):** जहां तक भारी उद्योग विभाग का संबंध है, छत्तीसगढ़ सरकार से विगत तीन वर्षों में ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।
**(ख) से (ङ):** उपर्युक्त (क) देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।